| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**खेमसिंह जोधा बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी)**<br>सू.अ.अपील संख्या 66/2024 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 15--07--24 | अपीलार्थी खेमसिंह जोधा निवासी ग्राम पोस्ट शिकारपुरा तहसील लूणी जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 11/03/2024 में श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय के पत्र कमांक प. 5()/प्रानु/अनु--1/2019 जयपुर दिनांक 03.01.2024 की पालना में वर्ष 2023--24 में पटवार मण्डल गेवा तहसील जोधपुर में कार्यव्यवस्थार्थ लगाये गये पटवारियो की प्रमाणित सूची मय आदेश सहित उपलब्ध करवाने एवं अन्य बिन्दुओ से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>[signature]<br>(गौरव अग्रवाल)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर--ग्रामीण<br>जिला कलक्टर जोधपुर (ग्रामीण) राज. | |